# एमडीआई गुड़गांव ने की 'एमडीआई मेगामाइंड्स' की घोषणा



**भास्कर ब्यूरो**

गुड़गांव। मैनेजमेन्ट डेवलपमेन्ट इंस्टीट्यूट (एमडीआई) गुड़गांव ने अपने प्रमुख स्टार्टअप पिच इवेंट एमडीआई मेगामाइंड्स के एक और पावर-पैक्ड एडीशन का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन लक्ष्य बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, कमरा नंबर 9, एमडीआई गुड़गांव कैंपस में किया गया। एमडीआई मेगामाइंड्स ने अपने आप को ऐसे महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म के रूप में स्थापित कर लिया है जहां दूरदृष्टा उद्यमियों को अनुभवी निवेशकों एवं स्टार्ट-अप प्रशंसकों के साथ मिलने का मौका मिलता है। एनर्जी से भरपूर इस दिन ने प्रतिभागियों को नेटवर्किंग एवं वास्तविक विकास के अवसर प्रदान किए।इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रोफेसर लीना अजीत कौशल, चेयरपर्सन, एमडीआई, एक्सेलक्यूब (एमएसी) ने कहा,हमारा मानना है कि आइडियाज में भविष्य को बदलने की ताकत होती है। हमारा उद्देश्य ऐसे प्लेटफॉर्म का निर्माण करना है, जहो इनोवेटर्स, बदलावकताओं एवं दूरदृष्टाओं को एक दूसरे से जुड़ने, आपसी सहयोग से काम करने करने और एक दूसरे को प्रेरित करने का मौका मिले। प्रोफसर रूचि अग्रवाल, फैकल्टी इन्चार्ज, एमडीआई एक्सेलक्यूब ने कहा,विशेषज्ञों के साथ मेगामाइंड 'फायरसाईड चैट' का नया सत्र पेश करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है।

इस साल हम एक्सेलरेशन एवं इन्क्यूबेशन सेंटर के गठन की ओर बढ़ रहे हैं। इस साल के एमडीआई मेगामाइंड्स में प्रतिष्ठित प्रवक्ताओं एवं जूरी सदस्यों का शानदार पैनल शामिल था, जिनमें उद्यमिता एवं निवेश की दुनिया से कुछ सबसे प्रभावशाली एवं दूरदृष्टा लीडर मौजूद रहे। उपस्थितगणों को उद्योग जगत के दिग्गजों के साथ बातचीत करने और सीखने का मौका मिला। इन दिग्गजों में श्री राज चेतन, जाने-माने निवेशक और स्टार्ट-अप मेंटर; मिस सान्या दुग्गल, प्रतिष्ठित उद्यमी, जिन्हें गेम-चेंजिंग उद्यमों के लिए जाना जाता है।